तापमान
अधिकतम 29 .1 डिग्री
न्यूनतम 5 .2 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 10 फरवरी 2025

10 सदाचारी मनुष्य के लिए संपूर्ण सृष्टि में कुछ भी ...

11 दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री की गारंटी पर ...

खबर संक्षेप

नशीला पदार्थ रखने का आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र। जिला पुलिस कुरुक्षेत्र की नशा तस्करों पर कारवाई लगातार जारी है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने नशा-मुक्त हरियाणा के तहत नशा तस्करों पर कारवाई करते हुए नशीला पदार्थ रखने के आरोप में बलविन्द्र सिंह वासी चौरा जिला पटियाला पंजाब को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 205 ग्राम अफीम बरामद करने में सफलता हासिल की है।

पानीपत में छात्र का हत्यारोपी पकड़ा

पानीपत। सीआईए टू पुलिस टीम ने खटीक बस्ती में छात्र ऋषभ की धारदार हथियार से हत्या करने मामले में पुलिस रिमांड पर चल रहे तीनों आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में शामिल चौथे आरोपी समुनी अहमद निवासी खटीक बस्ती को गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार चारों आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त दो बाइक व एक चाकू बरामद किया गया है। जबकि वारदात में शामिल फरार अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, इस मामले में थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में कृष निवासी विराट नगर की शिकायत पर केस दर्ज है।

जुआरी पकड़े, 50 हजार रुपये बरामद

पानीपत। सीआईए टू पुलिस टीम ने अशोक विहार कॉलोनी में जुआ खेल रहे सोनू पुत्र राजेंद्र निवासी अशोक विहार कॉलोनी, सतीश पुत्र रमेश निवासी वधावाराम कॉलोनी, भजन लाल पुत्र सेवाराम निवासी कुटानी रोड, शम्मी पुत्र वसीम निवासी विद्यानंद कॉलोनी व मंजूर पुत्र सैयद अली निवासी विद्यानंद कॉलोनी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके पर आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयुक्त एक जोड़ी ताश के पत्ते व दाव पर लगी 50 हजार 150 रूपए की नगदी बरामद की। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना किला में गैम्बलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

दिनदहाड़े मोबाइल और नकदी चोरी

पानीपत। पानीपत शहर के सनौली रोड पर दिनदहाड़े पूजा सैनी निवासी रूपचंद्र कॉलोनी, सनौली रोड का मोबाइल फोन चोरी हो गया। पूजा ने अपना फोन चारपाई पर रखा था। कुछ ही देर बाद चोरी हो गया। सीसीटीवी चेक किए तो वहां से पड़ोसी किराएदार आता-जाता दिखाई दे रहा है। मोबाइल फोन के कवर में पूजा का 1500 रूपये कैश भी रखा हुआ था। पूजा की शिकायत पर थाना चांदनीबाग थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दुकान से लाखों का सामान चोरी

पानीपत। पानपत के गांव नौल्था में बस अड्डे पर स्थित मोटर मैकेनिक मुकेश कुमार की दुकान चोर हुई है। चोर दुकान के पीछे से ताला तोड़ कर अंदर घुसे और 8 बड़ी और 4 छोटी सबमर्सिबल मोटर, 4 डिब्बे वायर, ट्यूबवेल बोर की तीन फेज डोरी सहित अन्य छोटा-मोटा सामान चोरी कर ले गए। चोर, दुकान में खड़ी दीपक निवासी गांव जवाहरा जिला सोनीपत की मोटरसाइकिल भी चोर ले गए। इधर, मुकेश की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डंकी रूट से युवाओं को भेजने वालों पर शिकंजा

अमेरिका से डिपोर्ट हुए युवक की शिकायत पर एजेंट के खिलाफ केस

- 40 लाख रुपये में भेजने के लिए एजेंट तैयार हुआ, लेकिन कई दिनों तक टरकाता रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

डंकी रूट से विदेश भेजने वाले एजेंटों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना केयूके पुलिस ने अमेरिका भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एजेंट अमित पंजेटा निवासी लाडवा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में विकास कुमार निवासी गांव जोगनाखेड़ा जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसे पता चला कि अमित पंजेटा लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। वह मई 2024 में अमित पंजेटा से लाडवा में मिला और मैंने इससे कहा कि मुझे अमेरिका जाना है तो इसने कहा कोई बात नहीं हमारा यही काम है। मैंने इससे पूछा कि कितने पैसे लगेंगे इसने मुझे कहा कि आपके 40 लाख रुपये लगेंगे। उसने 28 जुलाई 2024 को 10 लाख रुपए दे दिए। अमित पंजेटा ने उसे कहा कि 2000 डॉलर व 500 यूरो अपने साथ लेकर जाने पड़ेंगे। 29 जुलाई 2024 को उसे चैक रिपब्लिक भेजा, 30 जुलाई 2024 को स्पेन मैडरिड भेज दिया जहां वहं होटल में 15-16 दिन रहा। उसे कहा था कि स्पेन मैडरिड से फ्लाइट से मैक्सिको सिटी भेज दूंगा। लेकिन इसने मुझे फोन किया कि यहां से आपकी सीधे मैक्सिको की फ्लाइट नहीं होगी आपको पहले मैं ब्राजील भेज दूंगा, वहां से मैं फ्लाइट से कोलंबिया भेजूंगा और कोलंबिया से मैक्सिको की फ्लाइट करवाऊंगा। मुझसे स्पेन से ब्राजील की फ्लाइट के लिए 67200 रुपए लिए। जब वह ब्राजील एयरपोर्ट पर पहुंचा। वह 15 अगस्त 2024 को ब्राजील एयरपोर्ट पर पहुंच गया था और 22 अगस्त 2024 तक एयरपोर्ट पर कैम्प में रहा जिसमे मुझे 7-8 दिन लग गए। 22 अगस्त 2024 को ब्राजील एअरपोर्ट कैम्प से निकलकर होटल चला गया और मैं लगभग 40-45 दिन अपने खर्चे पर रहा। इसी बीच अमित पंजेटा ने मुझे फोन किया कि मैं आपकी कोलंबिया की फ्लाइट की बात चल रही है लेकिन कुछ दिन बाद मुझे बोला कि यहां से फ्लाइट से सेटिंग नहीं हो पा रही है मै आपको बाई बस कोलंबिया भेज दूंगा और वहां से मैं आपको पनामा जंगल के रास्ते से कोस्ट्रिका भेजूंगा और वहां से मैक्सिको भेज दूंगा। मैने इसे फोन करके बोला कि जब मेरी बात फ्लाईट की हुई थी तो आप मुझे जंगल के रास्ते क्यों भेज रहे हो इसने बोला कि फ्लाईट की सैटिंग नहीं हो रही है। मैक्सिको को जंगल के रास्ते से जाना पड़ेगा, मैंने जंगल के रास्ते मैक्सिको जाने से मना कर दिया तो यह मुझे कहने लगा कि यदि जंगल के रास्ते नहीं जाना चाहते तो अपनी टिकट कराकर इंडिया वापस आ जाओ। वहं जंगल के रास्ते ही मैक्सिको पहुंच गया और 15 जनवरी 2025 को तेजवाना बार्डर पार करके अमेरिका में ऐंटर हो गया था। वह 18-19 दिन कैंप में रहा। 2 जनवरी 2025 को रात को उसे कैंप से निकाल दिया था और 3 जनवरी 2025 को यूएसए एयरफोर्स फ्लाइट से भारत वापिस भेज दिया।

की जा रही जांच

गांव जोगनाखेड़ा निवासी विकास कुमार की शिकायत पर अमित पंजेटा के खिलाफ आईपीसी की धारा 406, 420 व इंमीग्रेशन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
-दिनेश कुमार, थाना केयूके प्रभारी

स्टडी वीजा पर विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र। जिला पुलिस ने स्टडी वीजा पर विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के दो आरोपियों अंकित सिन्हा व अनिल कुमार वासीयान सैक्टर-3 कुरुक्षेत्र हाल वासी जीरकपुर पंजाब को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में केशव पुनीत कुमार वासी जिन्दल ग्लोबल सिटी कुरूक्षेत्र ने बताया कि आरोपी और उसका परिवार उनकी दुकान से राशन लेने आते थे। आरोपियों ने कहा की वो पढाई के लिए लड़कों को विदेश भेजते हैं। अभी वो आस्ट्रेलिया का वर्क वीजा लगवा रहे हैं अगर उसे लगवाना हो तो वो उसे भी आस्ट्रेलिया भेज देगें। उस के लिए 22 लाख रुपए लगेंगे जिसमे कुछ पैसे पहले और कुछ आस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद देने होंगे। उसने उनकी बातों में आकर 5 फरवरी 2024 को ओरिजनल पासपोर्ट, मार्कशीट और 2 लाख रुपए आरोपियों को दे दिए। उसके बाद उसे चण्डीगढ ले जाकर उसका मैडिकल करवाया और आस्ट्रेलिया का वीजा उसके फोन पर भेजा और अलग-अलग किस्तों में उससे 12 लाख 26 हजार रुपए ले लिए। उसके बाद 1 मई 2024 को मुम्बई से मेलबर्न की टिकट उसे भेजी और उसे मुंबई जाने के लिए कहा। मुंबई के होटल में में उन्होंने उसके साथ मारपीट की। जब उसने शक के आधार पर टिकट का स्टेटस चैक किया तो टिकट फर्जी निकली तथा उसका आस्ट्रेलिया वर्क वीजा, वर्क लैटर, इन्श्योरेन्श, मेडिकल भी फर्जी निकले। जब उसने इस सम्बन्ध उनसे बात की और अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने उसे धमकी दी। जिसकी शिकायत पर थाना सदर थानेसर में धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज करके जांच आर्थिक अपराध शाखा द्वारा की गई। टीम ने धोखाधडी करने के आरोप में अंकित सिन्हा व अनिल कुमार वासीयान सैक्टर-3 कुरुक्षेत्र हाल वासी जीरकपुर पंजाब को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश पेश करके अदालत के आदेश से 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

पानीपत: रेलवे ट्रैक पर मिले शव का मामला

दोस्त ने ही की देव की हत्या सोशल मीडिया पर कबूला

- जीआरपी की पूछताछ में इंकार किया, रेलवे पुलिस ने देव की मौत के मामले की नए सिरे से जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

करनाल के गांव शेखपुरा खालसा निवासी 20 वर्षीय देव के रेलवे ट्रैक पर मिले शव के मामले में नया मोड़ सामने आया है। देव के ही गांव निवासी दोस्त विकास महला ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि उसने ही देव की हत्या की है। वहीं जीआरपी पानीपत थाना पुलिस देव की मौत के मामले की जांच कर रही है। इधर, देव के पिता विजेंद्र 12 जनवरी की रात को देव को उसी गांव के रहने वाले अरुण ने जन्मदिन की पार्टी में बुलाया था। देव पूरी रात वापस नहीं लौटा। वहीं, 13 जनवरी की सुबह ग्रामीणों से पता लगा कि देव का शव घर से तीन किलोमीटर दूर रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। इधर, जीआरपी ने परिजनों को बताया था कि ट्रेन पायलट ने सूचना दी है कि देव ट्रेन के आगे कूदा था। दूसरी ओर, 14 जनवरी की रात करीब साढ़े दस बजे ये खबर एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर परिजन देख रहे थे। इसी दौरान उन्होंने गांव के रहने वाले विकास महला ने उस पर कमेंट किए। उसने लिखा कि मैंने मारा है इसे। रेल ने नहीं मारा, मैंने मारा है। हवा ले रहा था ये। वहीं, जीआरपी ने विकास से पूछताछ की तो उसने खुद का फोन हैक होने का हवाला दिया। लेकिन हैरत की बात यह भी है कि उसके हैक फोन से सिर्फ ये कमेंट हुए हैं और किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं हुई है। इधर, देव की मौत के केस की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर बलवान ने बताया कि देव की मामले की जांच चल रही है। अभी तक की जांच में सामने आया है कि यह हादसा है इस बारे में परिजनों को संतुष्टि करवा दी गई है। वहीं, देव की मौत के मामले की हर पहलु से जांच की जा रही है।

दूसरे की इंश्योरेंस पॉलिसी पर लोन लिया, केस

पानीपत। पानीपत के गांव कालखा निवासी राममेहर ने आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस से पॉलिसी ली थी। वहीं, गांव भापरा के इमरान ने धोखाधड़ी करते हुए राममेहर की पॉलिसी में अपना बैंक खाता जोड़ दिया और 1 लाख 14 हजार 705 रुपए का लोन ले लिया। यह राशि पानीपत के सनौली रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते में ट्रांसफर कर दी गई। राममेहर को इस धोखाधड़ी का पता चला, तो उन्होंने इसराना थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बैंक खाते की जांच की और पाया कि उक्त राशि आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस के लोन के रूप में जमा हुई थी। जांच में यह भी पता चला है कि इसी गांव के दो अन्य व्यक्ति भी इस धोखाधड़ी में शामिल हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के बैंक खाते को सील कर दिया है और आगे की जांच जारी है।

राष्ट्रीय स्काउट एवं गाइड जंबूरी में भाग लेने पर रोडवेज डिपो पिहोवा से वेंकट रमन हुए सम्मानित

पिहोवा। त्रिची (तमिलनाडु) में आयोजित हीरक जयंती राष्ट्रीय स्काउट एवं गाइड जंबूरी में भाग लेकर लौटे कुरुक्षेत्र जिले के दल का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त स्काउट एवं गाइड, संतोष शर्मा ने दल के सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने दल के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि आपने न केवल कुरुक्षेत्र जिले बल्कि पूरे हरियाणा राज्य का गौरव बढ़ाया है। आपका यह साहसिक और अनुशासित प्रदर्शन सभी के लिए प्रेरणादायक है। इस सम्मान समारोह में हरियाणा रोडवेज सब डिपो पिहोवा से वेंकट रमन, एसएमबी गीता व. मा. विद्यालय कुरुक्षेत्र के 8 स्काउट एवं स्काउट मास्टर महावीर सिंह, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्योंसर के 7 स्काउट एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त देशराज, राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थाना से 4 गाइड एवं गाइड कैप्टन रेणुका, जिला संगठन आयुक्त बीरेंद्र तथा राष्ट्रीय मुख्यालय से स्टॉफ में शामिल संदीप आर्य ने भाग लिया। अध्यक्षता गीता स्कूल के प्रबंधक वीरेंद्र वालिया ने की, जबकि विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल मदान ने अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया।

- उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि आपने न केवल कुरुक्षेत्र जिले बल्कि पूरे हरियाणा का गौरव बढ़ाया

आप अंदर से बेईमान, ऊपर से कट्टर ईमानदार, इनकी सच्चाई लोगों के सामने आ गई : विज

अंबाला। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने दिल्ली चुनाव में कांग्रेस के 68 उम्मीदवार जमानत नहीं बचा पाने व आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों के हारने पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि पार्टियां और भी हारती हैं लेकिन लोग उन्हें वैसे ही जानते है, लेकिन आम आदमी पार्टी ने कै मो फ ले गिं ग (छलावरण) कर रखी है। यह अंदर से कट्टर बेईमान थे लेकिन ऊपर से कट्टर ईमानदार बने हुए थे।

इनकी पोल सच और झूठ की लड़ाई में खुल गई। उन्होंने कहा यह प्रकृति का नियम है कि झूठ की ही हार होती है। विज आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। दिल्ली चुनाव आप के वोट बैंक पर कांग्रेस द्वारा सेंध लगाने तथा इंडी गठबंधन पर सवाल उठने के मामले में मंत्री अनिल विज ने कहा कि इंडी की भिंडी बन गई है। इंडी नाम की कोई चीज नहीं है। जो भी वहां आए सब हार गए। उधर, पंजाब कांग्रेस नेता प्रताप बाजवा द्वारा पंजाब मुख्यमंत्री पर टिप्पणी करने कि वो भाजपा में चले जाएंगे पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि यही इंडी मॉडल है। एक पार्टनर दूसरे पार्टनर पर इस प्रकार की टिप्पणियां कर रहा है। अभी विधिवत गठबंधन टूटने की घोषणा तो नहीं हुई लेकिन टिप्पणियां शुरू हो गयी है।

15- 16 फरवरी को मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय पर 48 घंटे का धरना-प्रदर्शन करेंगे

कर्मचारियों का सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाकर प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

- नियमितीकरण की पॉलिसी बना कर कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व रिटायर कर्मचारी संघ की राज्य कमेटी के आह्वान पर नीलोखेड़ी ब्लॉक कमेटी ने सरकारी हस्पताल में सभा करने के बाद प्रदर्शन करते हुए स्थानीय विधायक के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों की अगुवाई नीलोखेड़ी ब्लॉक के प्रधान तेजपाल, रिटायर कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान हरपाल राणा, सुनील राणा व बाबू राम ने की। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला करनाल सचिव सेवा राम व रिटायर कर्मचारी संघ के जिला प्रधान बलराज ने कहा कि राज्य मे लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार राज्य में बनी है और कर्मचारियों व आम मेहनतकश जनता की उपेक्षा व वादाखिलाफी कर रही है। एसकेएस राज्य की सरकार को मांगपत्र भेजकर बातचीत से समाधान करने की अपील कर चुका है,लेकिन सरकार बातचीत से समाधान करना नही चहती ओर इससे कर्मचारियों मे लगातार आक्रोश बढ़ रहा है। आंदोलन को तेज करते हुए सभी 90 विधायको को ज्ञापन देकर 15-16 फरवरी को कुरुक्षेत्र स्थित मुख्यमन्त्री के कैप कार्यालय पर 48 घन्टे का धरना-प्रदर्शन करगे। मुख्य मांगों बारे बोलते हुए बताया कि केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य में अलग से वेतन अयोग का गठन करना जब तक अयोग लागू नहीं किया जाता सभी कर्मचारियों को बढ़ती हुई महंगाई की एवज में 5 हजार रुपये अंतरिम रहात के रूप मे देना , आठवे वेतन आयोग से पहले 7वे वेतन अयोग की विसंगतिया दुरुस्त करना, नियमितीकरण की पॉलिसी बना कर सभी तरह के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, पुरानी पेंशन बहाल करना व एक्सग्रेसिया पॉलिसी से शर्त हटाना, बढ़ते हुए महंगाई भत्ते के अनुसार आवास भत्ते में बढ़ोतरी करने आदि शामिल हैं।

दिनदहाड़े मकान का ताला तोड़कर 5 लाख रुपये चोरी

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के व्यासपुर में चोरों ने दिनदहाड़े सूने घर का ताला तोड़कर बॉक्स में रखे पांच लाख रुपये चोरी कर लिए। मकान मालिक जब घर पहुंचा तो उसे सामान बिखरा मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार बजाज फाइनेंस वाली गली बिलासपुर निवासी जावेद अहमद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कस्बा बिलासपुर में किराए के मकान में रहता है। वह अपना कारोबार करता है। आठ फरवरी को सुबह 10 बजे वह अपने घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर चला गया था। शाम चार बजे जब वह घर लौटा तो कमरे का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर कमरे में रखे बॉक्स से पांच लाख रुपए गायब मिले। यह देखकर उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। उसने तुरंत मामले की सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। घटना की सूचना बिलासपुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम के साथ मौके पर पहुंची और जरूरी सबूत जुटाए। बाद में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

कहासुनी होने पर मारपीट कर व्यक्ति को किया घायल

यमुनानगर। गांव खेड़ा ब्राह्मण में परिवार के तीन सदस्यों ने मिलकर गांव के ही सौरभ कुमार के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपी लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। खेड़ा ब्राह्मण निवासी सौरभ कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सात फरवरी को शाम पांच बजे किसी काम से गांव में जा रहा था। इस दौरान उसकी गांव के ही कुलदीप के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी होने पर आरोपी कुलदीप ने अपनी पत्नी स्नेह लता तथा लड़के प्रतिभा के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया। मारपीट की आवाज सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

ऐप के जरिए नकली मैसेज भेजकर धोखाधड़ी करने के तीन आरोपी धरे

- 7 फरवरी को थाना शहर थानेसर पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने ऐप के जरिये नकली मैसेज भेजकर दुकानदार से धोखाधड़ी करने के अन्तर्राज्यीय गिरौह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला के मार्ग निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने एप्प के जरिये नकली मैसेज भेजकर दुकानदार से धोखाधड़ी करने के आरोपी जोरावर उर्फ जोरा वासी सीवन जिला कैथल, अंकुश वासी पीडल जिला कैथल व शेखर बाबा वासी सीवन जिला कैथल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 7 फरवरी को थाना शहर थानेसर पुलिस को दी अपनी शिकायत में सुरेश कुमार वासी वशिष्ट कालोनी कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसकी अग्रसेन चौंक मोहन नगर के पास सिंगला गिफ्ट एंड जनरल स्टोर के नाम से दुकान है। दिनांक 6 फरवरी को समय करीब 7.30 बजे सुबह उसकी दुकान पर दो आदमी आए। उन्होंने उससे 5/5 हजार रुपये के तीन हार, 20 हजार रुपये नकद लिए। उन्होंने कहा कि 35 हजार और 800 रुपये हार बनवाने के कुल 35 हजार 800 रुपए आनलाइन कर देते है। फिर उसके मोबाईल पर 35 हजार 800 रुपए का टेक्स्ट मैसिज आया और उन्होंने भी अपने फोन से पैसे भेजने बारे मैसिज दिखाया और चले गए। बाद में उसने दोबारा चैक किया तो मैसैज फरोड थे। दिनांक 7 फरवरी तक भी उसके अकाउंट में पैसे नही आये। जिसकी शिकायत पर थाना शहर थानेसर में मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक बलबीर सिंह द्वारा की गई। बाद में मामले की जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 द्वारा की गई। टीम ने धोखाधड़ी करने के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

ई रवाना नहीं दिखा सके आरोपी वाहन चालक

प्रवर्तन ब्यूरो की टीम ने अवैध खनन करते 3 ट्रैक्टर-ट्रालियों को किया काबू

- विभाग की टीम ने तीनों वाहनों को सीज कर वाहन मालिकों पर किया 6 .48 लाख रुपये का जुमार्ना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रवर्तन ब्यूरो की टीम ने प्रताप नगर थाना क्षेत्र के गांव कलेसर के नजदीक यमुना नदी में अवैध खनन करते तीन ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़ा है। प्रवर्तन ब्यूरो की टीम ने जब आरोपी ट्रैक्टर ट्राली चालकों को ई रवाना दिखाने के लिए कहा तो आरोपी ट्रैक्टर ट्राली चालक ई रवाना नहीं दिखा पाए। इसके बाद विभाग की टीम ने तीनों ट्रैक्टर ट्रालियों को सीज कर उन पर 6.48 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। जानकारी के अनुसार प्रवर्तन ब्यूरो के इंस्पेक्टर श्याम सुंदर ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि कलेसर के आसपास यमुना नदी में कुछ ट्रैक्टर ट्रालियां अवैध खनन कर रही हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां पर जांच की। जांच के दौरान उन्हें तीन ट्रैक्टर ट्रालियां यमुना नदी में अवैध खनन करते हुए मिली। ट्रैक्टर ट्रालियों में बोल्डर भरा हुआ था। जब उन्होंने आरोपी ट्रैक्टर ट्राली चालकों को ई रवाना दिखाने के लिए कहा तो आरोपी ई रवाना नहीं दिखा पाए। इसके बाद तीनों ट्रैक्टर ट्रालियों को सीज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि तीनों ट्रैक्टर ट्राली मालिकों पर 6.48 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। उन्होंने कहा कि विभाग की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। यमुना नदी व आसपास अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा।

जगाधरी में आयोजित किया संत संकीर्तन कार्यक्रम

सदाचारी मनुष्य के लिए संपूर्ण सृष्टि में कुछ भी प्राप्त करना असंभव नहीं: भारती

यमुनानगर। जगाधरी में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मानवीय जीवन के सूत्रों को समझाते हुए साध्वी भारती व श्रवण करती साध संगत।

संस्थान की साध्वी नीरू भारती ने मानवीय जीवन के सूत्रों का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में रविवार को संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान की साध्वी नीरू भारती ने मानवीय जीवन के गहन सूत्रों के महत्व को समझाया। मौके पर साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान कर सभी को भाव विभोर कर दिया। साध्वी नीरू भारती ने फरमाया कि केवल मानव तन की प्राप्ति हो जाना मानव बनने के लिए पर्याप्त नहीं है। क्योंकि मानवीय मूल्यों के अभाव में एक मनुष्य केवल पाशविक प्रवृत्ति में आसक्त होकर ही जीवन को व्यर्थ बिता देता है।

मानव को मानव बनाने के लिए कई पाठशालाएं समाज में निर्मित हुई हैं। लेकिन मनुष्य को दानव बनाने के लिए कोई भी पाठशाला नहीं है। मगर फिर भी मनुष्य के आचरण में दुर्गुणों का विस्तार हो जाता है। साध्वी ने साध संगत को समझाया कि जैसे प्रकाश स्रोत का अभाव होने पर अंधेरे को बुलाया नहीं जाता है। वह स्वतः ही प्रकट हो जाता है। जिस तरह अंधेरे का अपना कोई अस्तित्व नहीं होता है।

इसी प्रकार मनुष्य के आचरण में समाए हुए दुर्गुणों का भी अपना कोई अस्तित्व नहीं है। सदाचरण के अभाव में दुष्ट आचरण अपने आप ही जीवन में उतर जाता है। स्वयं को काम वासना से दूर रखते हुए संयम में बांध लेना ही केवल सदाचार नहीं होता है। बल्कि जब हमारा व्यक्तित्व आचरण और व्यवहार संपूर्ण अस्तित्व के लिए परोपकारी एवं समर्पित हों। तभी ऐसे जीवन को ही पूर्ण रूप से सदाचारी की संज्ञा दी जा सकती है।

सदाचार जीवन का वह आभूषण है जिसे केवल अध्यात्म की टकसाल में ही गढ़ा जा सकता है। क्योंकि पूर्ण ब्रह्मनिष्ठ संत ज्ञान के वह सूर्य हैं जो आत्म साक्षात्कार रूपी प्रकाश की रश्मियों के द्वारा हमारे जीवन से सभी दुर्गुणों के अंधकार को समाप्त कर देते हैं। साध्वी नीरू भारती ने फरमाया कि जब किसी मनुष्य को पूर्ण ब्रह्मनिष्ठ संत का सान्निध्य प्राप्त होता है तब वह सहज ही दुष्ट प्रवृतियों को त्याग कर दैवीय गुणों को धारण कर लेता है। सदाचरण मनुष्य का वह दैवीय गुण है। जो प्रकृति की सभी सकारात्मक एवं दिव्य शक्तियों को एक साधारण से मनुष्य का दास बनने के लिए बाध्य कर देता है।

सदाचार का मार्ग तप, त्याग एवं तितिक्षा का मार्ग

हमारे संत महापुरुष कहते हैं कि एक सदाचारी मनुष्य के लिए संपूर्ण सृष्टि में कुछ भी प्राप्त करना असंभव नहीं है। क्योंकि एक सदाचारी मनुष्य धरती पर दैवीय स्वरूप होकर विचरण करता है। सदाचार का मार्ग तप, त्याग एवं तितिक्षा का मार्ग है। जिसका अनुसरण वह साधक सहज रूप से कर लेता है। जो निरंतर गुरु आज्ञा में चलते हुए अपने जीवन का निर्वाह करता हो। क्योंकि जो अपने जीवन को सदाचार में बाँध सकता है वो ही अपने जीवन को सकारात्मक रूप से परिवर्तित कर सकता है। निरंतर ब्रह्मज्ञान की ध्यान साधना हमारे भीतर की उन सुप्त शक्तियों को जागृत करती हैं। जो हमें सहज रूप से ही सदाचार जैसे गुणों से सुशोभित कर देती हैं। ऐसे सदाचारी महात्माओं के लिए अन्यथा कुछ भी करना शेष नहीं रहता है। क्योंकि उसके द्वारा किया गया प्रत्येक कर्म ही सेवा और उसके द्वारा ली गयी प्रत्येक श्वास ही उसके लिए ईश्वरीय आराधन हो जाती है। सत्संग कार्यक्रम के अंत में साध्वी बहनों ने सुमधुर भजनों का गायन करके समूह संगत को कृतार्थ किया।

सांगीपुर-एसके मार्ग क्षतिग्रस्त, लोग परेशान

- लंबे अर्से से क्षतिग्रस्त पड़ा है मार्ग
- लोगों ने सरकार से लगाई मार्ग को ठीक करवाए जाने की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर

यमुनानगर। सांगीपुर-एसके मार्ग की बनी हुई खस्ताहाल हालत। फोटो: हरिभूमि

रादौर क्षेत्र के गांव सांगीपुर से लेकर एसके मार्ग तक की सड़क लंबे अर्से से क्षतिग्रस्त पड़ी है। सड़क पर बजरी उखड़ने से और भी ज्यादा वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे लोग परेशान हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने मार्ग को तुरंत ठीक करवाए जाने की मांग की। क्षेत्र के बंटी, सतीश, मोहन, गुरनाम सिंह व आम आदमी पार्टी के जिला उप प्रधान रवि सांगीपुर ने बताया कि पिछले लंबे अर्से से सांगीपुर-एसके मार्ग क्षतिग्रस्त पड़ा है। इस संबंध में कई बार मुख्यमंत्री समेत संबंधित अधिकारियों को शिकायतें भेजकर इसका नए सीरे से निर्माण करवाए जाने की मांग की जा चुकी है। मगर अभी तक मार्ग पर निर्माण कार्य शुरु नहीं किया गया है। खास बात यह है कि करीब एक साल पहले ग्रामीणों के बार बार कहने के बाद सड़क पर निर्माण कार्य करने के लिए बजरी को उखाड़ दिया। लोगों को उम्मीद बनी थी कि अब सड़क का नए रुप से निर्माण कार्य हो जाएगा और क्षेत्र की जनता को राहत मिलेगी। मगर ऐसा नहीं हुआ। सड़क पर बजरी उखाड़ने के बाद निर्माण कार्य आज तक शुरु नहीं करवाया गया। सड़क मार्ग पर स्कूल के बच्चों व कई गांव के लोगों को आवागमन होता है। मगर क्षतिग्रस्त सड़क होने से इस पर चलना मुश्किल हो गया है।

दो भाइयों पर रास्ते में ईंटों से किया हमला

- पुलिस ने आरोपी दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

नकाबपोश युवकों ने बकाना निवासी नरेंद्र पर किया हमला

जानकारी के अनुसार गांव बकाना निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी बाइक पर रादौर से घर लौट रहा था। जब वह छोटा बस रादौर के पास पहुंचा तो नकाबपोश पांच युवकों ने उसे रोक लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांच अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर पर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव खुर्दबन स्थित पाली डेरा के पास दो युवकों ने स्कूटी सवार दो भाइयों को रास्ते में रोक कर उन पर ईंटों से हमला कर दिया। हमले में स्कूटी सवार एक युवक घायल हो गया। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

बताया जा रहा है कि ईंट लगने से उसके सिर में टांके लगे हैं। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार खुर्दबन के नजदीक पाली डेरा निवासी हरीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने चचेरे भाई गौतम के साथ स्कूटी पर किसी काम से जा रहा था। रास्ते में जस्सी और युनित ने उन दोनों को रोक लिया और उनके साथ बहस करने लगे। जब उसने आरोपियों को समझने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसके चचेरे भाई गौतम पर ईंटों से हमला कर दिया।

गौतम के सिर में ईंट लगने से वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। उसने घटना की सूचना परिजनों को दी और अपने भाई गौतम को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसके सिर में टांके लगे हैं। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी दोनों युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

खबर संक्षेप

कांग्रेस दमखम से लड़ेगी चुनाव: त्यागी

रादौर। कांग्रेस पार्टी रादौर ब्लाक के कार्यकर्ताओं की बैठक कस्बा स्थित कांबोज धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में रादौर नगर पालिका चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में कांग्रेस के नगर पालिका व नगर निगम यमुनानग के चुनाव संयोजक राजकुमार त्यागी ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता उत्तर जोन कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट सतीश सांगवान ने की। चुनाव संयोजक राजकुमार त्यागी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नगर पालिका में पार्टी के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी मेहनत व लग्न से चुनाव प्रचार में जुट जाने के लिए आह्वान किया।

जगाधरी कोर्ट में आए व्यक्ति का पर्स चोरी

यमुनानगर। जगाधरी कोर्ट में आए कृष्णा नगर चांदपुर निवासी देवेंद्र कुमार का पर्स चोरी हो गया। पर्स में दो हजार रुपए तथा जरूरी दस्तावेज थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कृष्णा नगर चांदपुर निवासी देवेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सात फरवरी को दोपहर 12 बजे जगाधरी कोर्ट में किसी काम से आया था। चोरों ने उसकी जेब से पर्स चोरी कर लिया।

अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस व पब्लिक का तालमेल होना जरुरी: तरसेम

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

यमुनानगर। गांव सलेमपुर बांगर में ग्रामीणों को नशा के दुष्प्रभाव के बारे में जागरुक करते हुए थाना प्रबंधक तरसेम सिंह। फोटो: हरिभूमि

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे नशा से होने वाले दुष्प्रभाव को लेकर जागरुकता अभियान के तहत गांव सेलमपुर बांगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरुक किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में सदर थाना जगाधरी के तरसेम सिंह ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं सदर थाना जगाधरी के प्रभारी तरसेम सिंह ने ग्रामीणों को बताया कि जिले में पुलिस अधीक्षक राजीव देशवाल के निर्देशानुसार लोगों को नशा से बचाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें लोगों को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस व पब्लिक के आपसी तालमेल से नशा जैसे अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है। थाना प्रबंधक तरसेम सिंह ने कहा कि पुलिस और पब्लिक अगर तालमेल के साथ कार्य करेगी तो अपराधो में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि अपराधों को रोकने के लिए आमजन का सहयोग बहुत जरूरी है। जिसके बिना यह काम असंभव है। कहा जाता है कि नशा ही सब अपराधों की जड़ है। इसलिए नशे को समाप्त करना पुलिस और जनता का प्रथम कर्तव्य है। मौजूदा दौर में नशा समाज और देश को खोखला कर रहा है।

बच्चों का सभी कलाओं में ज्ञानवान होना जरुरी: डॉ. कंवर

- ग्लोब हेरिटेज स्कूल में क्षमता वृद्धि कार्यक्रम आयोजित
- कार्यक्रम में लॉमोंटेसरीस्कूल कुल्लू की प्रधानाचार्या डॉ. ललिता कंवर ने लिया मुख्य वक्ता के रुप में भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर

यमुनानगर। रादौर स्थित ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते मुख्यवक्ता व अन्य। फोटो: हरिभूमि

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर(रादौर) में क्षमता वृद्धि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में लॉमोंटेसरी स्कूल कुल्लू की प्रधानाचार्या डॉ. ललिता कंवर व डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल हिसार की प्रधानाचार्य डॉ. इंदु शर्मा ने भाग लिया। कार्यक्रम में आठ स्कूलों के 61 शिक्षकों ने भाग लिया। जिन्हें एक्टिव लर्निंग की जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता डॉ. ललिता कंवर ने कहा कि शिक्षक जीवन को जिस तरह जीता है। वही तरीका अधिकतम रूप से बच्चों में स्थानांतरित होता है। क्योंकि यह भी एक प्रकार की ऊर्जा है जो एक स्थान से दूसरे स्थान तक स्थानांतरित की जा सकती है। वर्तमान के प्रतियोगिता भरे युग में बच्चे को जीवन की सही कलाओं का ज्ञान होना आवश्यक है। बच्चों का सबी कलाओं में ज्ञानवान होना बेहद जरुरी है। ताकि वह इस भीड़ में भी खुद को स्थापित कर सकें। वहीं, दूसरे मुख्य वक्ता डॉ. इंदु शर्मा ने कहा कि वर्तमान युग में किसी भी कक्षा में बच्चों को पढ़ाना पुराने समय जैसा नहीं रहा है। इसलिए बच्चों को गतिविधियों में शामिल करके एक्टिव लर्निंग की कला होना अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व है। जिससे एक इंसान न केवल हर दिन सीखता है। स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने बताया कि एक दिवसीय क्षमता वृद्धि कार्यक्रम में कईस्कूलों के 61 शिक्षकों ने भाग लिया। मौके पर स्कूल के एचआर प्रबंधक अमित सिंघल ने मुख्य वक्ताओं व सभी शिक्षकों का धन्यवाद किया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

प्रभातफेरियों में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

- गुरु रविदास जी के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में जिले में कई स्थानों पर निकाली प्रभातफेरियां

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

यमुनानगर। व्यासपुर में प्रभात फेरी में भाग लेते हुए श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

गुरु रविदास जी महाराज के 648वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में हर गांव में प्रभात फेरी निकालने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में रविवार को व्यासपुर, शादीपुर, नाचरौन समेत जिले के विभिन्न स्थानों पर प्रभात फेरियां निकाली गई। प्रभात फेरियों में श्रद्धालु भजनों पर श्रद्धालु झूमते हुए आगे बढ़ते रहे। प्रभात फेरी का जगह-जगह स्वागत किया गया। रविवार तड़के साढ़े चार बजे प्रभात फेरी व्यासपुर स्थित गुरु रविदास मंदिर से जयकारों के साथ रवाना हुई। प्रभात फेरी का स्वागत श्याम लाल, शुभम कुमार, पवन कुमार व चौराही रोड पर नीटू के घर पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। श्री गुरु रविदास मंदिर सभा व्यासपुर की तरफ से प्रभात फेरी का स्वागत करने वालों को गुरु महाराज का अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया गया। रामजी लाल एंड मंडली ने गुरु रविदास जी की अमृत वाणी से संगत को निहाल किया। मौके पर आशु अंटवाल, श्याम लाल, धर्मदास, राजेश कुमार, राकेश कुमार उर्फ सेठी, हर्ष व हैप्पी ने बताया कि आज प्रभातफेरी के बाद गुरु रविदास मंदिर में गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ का शुभारंभ किया गया।

जयकारों का हुआ जयघोष

रादौर क्षेत्र के गांव नाचरौन में गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष में निकाली जा रही ग्यारह दिवसीय प्रभात फेरी रविवार को भी जारी रही। रविवार को अल सुबह तड़के चार बजे श्रद्धालु गुरु रविदास मंदिर नाचरौन में एकत्र हो गए। इसके बाद दिव्य ज्योति के साथ प्रभातफेरी प्रारंभ हुई। प्रभात फेरी गुरु रविदास मंदिर से शुरु होकर शिव मंदिर, नगर खेड़ा से होते हुए गांव की गलियों व फिरनी से होती हुई अंत में मंदिर में जाकर संपन्न हुई।

प्राचीन श्रीमैदानेश्वर महादेव मंदिर में 26 फरवरी को आयोजित होगा विशाल मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर

यमुनानगर। रादौर क्षेत्र के गांव बापा स्थित प्राचीन श्रीमैदानेश्वर महादेव मंदिर का दृश्य। फोटो: हरिभूमि

रादौर क्षेत्र के गांव बापा स्थित प्राचीन श्रीमैदानेश्वर महादेव मंदिर में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले के दौरान हजारों श्रद्धालु मंदिर में पहुंचकर महादेव के दर्शन करेंगे और पूजा अर्चना कर अपने और अपने परिवार की सुख शांति के लिए कामना करेंगे। सरपंच परमजीत सिंह पम्मा ने बताया कि सैंकड़ो वर्षों से महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर हर वर्ष रादौर क्षेत्र में सबसे बड़ा मेला गांव बापा के श्री प्राचीन मैदानेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित होता आ रहा है। मेले को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह है। मेले में क्षेत्र व दूर दराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शिवलिंग पर जल चढाने के लिए पहुचेंगे। मेले में सैकड़ों की संख्या में दुकानें सजाई जाएंगी। वहीं, श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा। गांव बापा के सरपंच परमजीत सिंह पम्मा ने बताया कि मैदानेश्वर महादेव मंदिर के शिवलिंग के ऊपर आज तक छत नहीं डाली जा सकी हैं। शिवलिंग के ऊपर ग्रामीणों द्वारा कई बार छत डालने की कोशिश की जा चुकी है। मगर हर बार छत डालने पर वह स्वयं गिर जाती थी। जिसके बाद शिवलिंग को खुले में स्थापित किया गया।

युवाओं ने चॉकलेट भेंटकर मनाया चॉकलेट डे

- वेलेंटाइन डे सप्ताह के तीसरे दिन रविवार को युवाओं ने दोस्तों को भेंट की स्वादिष्ट चोकलेट
- करियाने की दुकानों पर जमकर बिकी चोकलेट

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर

यमुनानगर। रादौर में एक दुकान पर चॉकलेट डे पर सजाई हुई विभिन्न प्रकार की चॉकलेट। फोटो: हरिभूमि

वेलेंटाइन डे सप्ताह के तीसरे दिन रविवार को युवाओं ने चॉकलेट डे उत्साह से मनाया। इस दौरान युवाओं ने अपनी वेलेंटाइन व दोस्तों को स्वादिष्ट चॉकलेट भेंटकर उनसे अपने प्यार का इजहार किया। रविवार सुबह युवाओं ने वेलेंटाइन डे सप्ताह के तीसरे दिन दुकानों पर पहुंचकर चॉकलेट खरीदा। इसके बाद उन्होंने अपने वेलेंटाइन व अन्य दोस्तों को चोकलेट भेंटकर अपने प्यार का इजहार किया। रादौर के सन्नी, प्रदीप, मोंटी, राजेश, पवन, विक्रम व सुखबीर आदि ने बताया कि वेलेंटाइन डे वीक में हर वर्ष नौ फरवरी को चॉकलेट डे मनाया जाता है।

वैलेंटाइन वीक का ये तीसरा दिन बेहद खास होता है। चॉकलेट डे प्रेमियों के लिए बेहद खास होता हैए क्योंकि इस दिन वो अपने रिश्ते को एक मिठास के साथ शुरू करते हैं। एक दूसरे को चॉकलेट गिफ्ट करते हैं। चॉकलेट डे मीठे के साथ अपने रिश्ते को और मीठा बनाने वाला दिन है। चॉकलेट हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छी होती है और साथ ही यह खाने में भी बहुत ही टेस्टी है।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए पश्चिमी देशों के लोग एक दूसरे को चॉकलेट गिफ्ट के रूप में देते हैं और अपने रिश्ते को और मजबूत बनाते हैं। वहीं स्वास्थ्य के लिए चॉकलेट दिमाग में हैप्पी फीलिंग को भी बढ़ाती है। चॉकलेट खाने से ब्रेन से हैप्पीनेस फील कराने वाला हार्मोन डोपामाइन रिलीज होता है। इसलिए दिल हैप्पी हैप्पी रहता है। इसलिए सभी को इस दिन चोकलेट अवश्य खानी चाहिए।

निरंकारी सत्संग भवन में श्रद्धालुओं को किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

बाजार से सामान लाने के लिए कपड़े के थैलों का करें प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

यमुनानगर। संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते नगर निगम टीम के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में शहर को बेहतर रैंक दिलाने को लेकर नगर निगम की ओर से रविवार को संत निरंकारी सत्संग भवन में श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। रविवार को नगर निगम की टीम के सदस्य शहर के संत निरंकारी सत्संग भवन में पहुंच गए। इस दौरान निगम की टीम के सदस्यों ने सत्संग भवन में सत्संग सुनने पहुंचे श्रद्धालुओं को नगर निगम को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग दिलवाने के लिए प्रेरित किया। निगम की टीम के सदस्यों ने श्रद्धालुओं को स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नगर निगम को सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग दिलवाने के संयुक्त रूप से प्रयास करने के लिए आहवान किया। इस अवसर पर संत निरंकारी मिशन के संयोजक बलदेव सिंह ने बताया कि संत निरंकारी मिशन द्वारा सत्संग में होने वाले लंगर में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं किया जाता। यहां लंगर में बर्तनों का इस्तेमाल किया जाता है। संत निरंकारी मिशन सफाई अभियान, पौधरोपण व अन्य अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया जाता है। हर साल 23 फरवरी को निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के जन्मदिवस पर सफाई अभियान चलाया जाता है।

ट्विन सिटी को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए प्रयास

अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ.विजय पाल यादव ने कहा कि निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर ट्विन सिटी(यमुनानगर-जगाधरी)को साफ सुंदर व स्वच्छ बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने संत निरंकारी मिशन द्वारा चलाए जाने वाले सफाई अभियान की प्रशंसा की और उनका स्वच्छता अभियान में योगदान देने पर आभार जताया। मौके पर मिशन के क्षेत्रीय संचालक विक्रम गांधी, संचालक राम रत्न व संदीप ओबरॉय आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

शक्तिपीठ परिक्रमा महोत्सव में गूंजा जयघोष

कुरुक्षेत्र। गुजरात सरकार द्वारा माँ अंबाजी शक्तिपीठ में आयोजित शक्तिपीठ परिक्रमा महोत्सव में माँ भद्रकाली शक्तिपीठ, कुरुक्षेत्र की ओर से पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा के सुपुत्र देवांशु शर्मा ने प्रतिनिधित्व किया। इस पावन अवसर पर अंबाजी शक्तिपीठ के प्रशासक एवं अतिरिक्त जिलाधिकारी कौशिक मोदी, श्री अरासुरी अंबाजी माता देवस्थान ट्रस्ट एवं गुजरात पवित्र तीर्थ यात्रा विकास बोर्ड के पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। मुख्य कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र शक्तिपीठ को मंच पर स्थान दिया गया, जहाँ देवांशु शर्मा ने पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा का शुभ सन्देश पढ़ा। मंच से सभी शक्तिपीठों का जयघोष किया गया। मंदिर परिसर में 2200 किलो पंचधातु से निर्मित श्री यंत्र की कंकू पूजा विधिपूर्वक की गई। इस शुभ अनुष्ठान के पश्चात कंजक श्लोका पंडित द्वारा ध्वज पूजन हुआ, जिसे ढोल-नगाड़ों के साथ मंदिर के स्वर्णिम शिखर पर स्थापित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सप्तश्रृंगी शक्तिपीठ, ज्वाला जी शक्तिपीठ, ललिता देवी शक्तिपीठ इत्यादि के प्रमुख पीठाधीश्वर भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि देवांशु शर्मा गुजरात के सूरत में न्यायाधीश के रूप में कार्यरत हैं।

केयू में परीक्षा पे चर्चा का होगा सीधा प्रसारण

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार केयू सीनेट हॉल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि केयू सीनेट हॉल सहित छात्रावासों में भी भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा संवाद कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा जिससे परीक्षार्थी लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम द्वारा छात्र, शिक्षक एवं अभिभावकों को परीक्षा संबंधी तनाव को कम करने की नई दिशा प्राप्त होगी। केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। 10 फरवरी 2025 को केयू सीनेट हॉल में सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर सीधा प्रसारण होगा।

चुनाव को लेकर ली कार्यकर्ताओं की बैठक

कुरुक्षेत्र। स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस प्रभारी एवं अंबाला के विधायक चौधरी निर्मल सिंह तथा सह प्रभारी संजय छोकर तथा थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस अवसर पर शाहाबाद के विधायक रामकरण कला, पूर्व विधायक चौधरी मेवा सिंह, पूर्व सांसद कैलाशो सैनी,पूर्व विधायक अनिल धंतौड़ी सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने अपने विचार रखें तथा कार्यकर्ताओं की राय जानी।

मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में कुरुक्षेत्र सांसद जिंदल व पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल से बातचीत की

दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री की गांरटी पर लगाई मोहर:नायब सैनी

- दिल्ली भी मजबूती से विकसित भारत के साथ करेगी कदमताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बातचीत करते सांसद नवीन जिंदल।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर मोहर लगाई है। अब मोदी जी की नीतियां दिल्ली में लागू होंगी, लोगों को आयुष्मान योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा और पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को नई दिल्ली में कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल व पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अब दिल्ली भी मजबूती से विकसित भारत के साथ कदमताल करेगी और चुनाव में भाजपा की इस बड़ी जीत के लिए मैं दिल्ली के लोगों को शुभकामनाएं देता हूँ। दिल्ली चुनाव में लगे सभी नेताओं व कार्यकताओं को भी उन्होंने बधाई दी और कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व ने एक कुशल संगठनकर्ता की तरह काम किया है। उन्होंने पार्टी की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की जनता ने झूठ बोलकर लोगों को बहकाने वाले नेता से छुटकारा पाया है। अरविंद केजरीवाल ने लोगों से झूठे वायदे कर विकास के सब्जबाग दिखाएं लेकिन उन्होंने जनता के लिए कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने दिल्ली की सड़कों को पेरिस जैसी बनाने का वायदा किया था लेकिन जब मैं चुनाव प्रचार के लिए दिल्ली के अलग-अलग स्थानों पर गया तो वहां घंटों जाम व टूटी हुई सडकों के अलावा कुछ नहीं मिला। यमुना नदी की तरफ भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि वे गरीब के बच्चों को डॉक्टर व इंजीनियर बनाएंगे लेकिन इसके विपरीत उन्होंने जगह-जगह शराब के ठेके खोलने का काम किया। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली फिर से विकास की दौड़ में शामिल होगी। यह मोदी की गारंटी है कि अगर कहा है तो करेंगें। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली अब विकसित भारत के साथ अपने कदमताल करेगी। यमुना रिवर फ्रंट को इतना सुंदर बनाया जाएगा कि लोग कर्तव्य पथ व इंडिया गेट की बजाय वहां घूमना पसंद करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यमुना को स्वच्छ करने व सौंदर्यीकरण करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को खत्म करने के लिए कई योजनाओं पर तीव्र गति से काम होगा। इसके लिए मेट्रो सेवाओं में बढ़ोतरी होगी और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ाने सहित कई योजनाओं पर तेजी से काम किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल, सांसद नवीन जिंदल की पत्नी शालु जिंदल उपस्थित थी।

डॉ अशोक कुमार ने स्वयंसेवकों को किया जागरूक

कुरुक्षेत्र। एनएसएस यूटीडी इकाई तीन के चल रहे एनएसएस सात दिवसीय शिविर का तीसरा दिन रहा। सुबह के सेशन में डॉ अशोक कुमार वर्मा ने एनएसएस के स्वयंसेवकों को नशे के प्रति जागरूक किया। डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया कि नशा हमारे देश के युवाओं को खत्म कर रहा है और विरोधी देश हमारे युवाओं को नशे में धकेलकर देश की जड़ों को कमजोर करने का षड्यंत्र कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नशा दो प्रकार का होता है प्रतिबंधित नशा और चेतावनी वाला नशा। डॉक्टर अशोक कुमार ने एनडीपीएस एक्ट के बारे में भी बताया, जो 1985 में लाया गया था और इसमें कई संशोधन हुए हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा में भी एनएनसीबी हरियाणा का एक सेल बनाया गया है, जो पुलिस के साथ मिलकर नशे को रोकने का काम करता है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या विस्फोट का संकट आज बहुत अधिक है, लेकिन उससे भी अधिक बड़ा संकट है कि हमारे युवा नशे की चपेट में न आएं। उन्होंने कहा कि हमें अपने युवाओं को नशे से बचाने के लिए काम करना होगा। इसके पश्चात जन सयोग संस्था के सदस्यों ने बच्चों को समाज सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ निधि माथुर, राज्य एनएसएस अवार्डी हर्ष बूरा, मीनाक्षीकांत और सभी स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों ने मोहा मन

कुरुक्षेत्र। दो दिवसीय सेंट पीटर रेनबो वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का समापन रविवार को बड़े ही हर्षोल्लास से हुआ। इस वार्षिक उत्सव में स्कूल के विद्यार्थियों ने उम्दा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही इस वार्षिक उत्सव में साल भर में शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल कूद गतिविधियों में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। सेंट पीटर कान्वेंट स्कूल मोहन नगर में रविवार को स्कूल प्रबंधन समिति की तरफ से सेंट पीटर रेनबो वार्षिक उत्सव का आयोजन किया। इस उत्सव में मुख्य अतिथि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, आदर्श हाई स्कूल से सोहन लाल सैनी, रंजना शर्मा, मेवा राम, विजय मेहता व गौरव नारंग ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर दीप शिखा प्रज्जवलित करके विधिवत रूप से वार्षिक उत्सव का शुभारंभ किया। इससे पहले स्कूल प्रबंधन कमेटी के चेयरमैन विपिन शर्मा और सतपाल शर्मा के साथ-साथ लिटिल कैम्पस इन्टरनैशनल स्कूल के एमडी पंकज अरोड़ा ने परम्परा अनुसार मेहमानों का स्वागत किया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि हर बच्चा अपने आप में अव्वल है बच्चा जब स्कूल में आ गया तो अध्यापक कि जिम्मेदारी है की उसका भविष्य कैसे बनाना है अध्यापक का दर्जा माँ से ऊपर होता है। चेयरमैन विपिन शर्मा ने मेहमानों का स्वागत किया।

फ्री मेडिकल कैंप जरूरतमंद लोगों के लिए आशा की किरण : डॉ रूचि जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा जगदीश चन्द्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव ठोल में निशुल्क कैंप का आयोजन किया। डॉ रूचि जैन ने कहा कि फ्री मेडिकल कैंप उन महिलाओं के जीवन में आशा की किरण बनकर आया है, जो संसाधनों के अभाव में अपने स्वास्थ्य की देखभाल नहीं कर पातीं। सरपंच रुमा ने डॉ हिमांशु जैन ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन, डॉ रूचि जैन एमबीबीएस,एमएस, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ राजेश कुमार एमबीबीएस, एमडी मेडिसिन, डॉ संजय शर्मा बीएएमएस एवं एक्सपरटाइज मेडिकल कैंपस, डॉ प्रीति बीएएमएस. का स्वागत व अभिनन्दन किया। डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में 1977 वॉ कैंप का आयोजन किया गया। चिकित्सकों की टीम ने 156 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। कैंप में निशुल्क परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई। सरपंच रुमा एवं बलिन्दर समाजसेवी ने कहा कि डीआरजैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा गरीब व जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवायें प्रदान करना निस्संदेह एक सराहनीय और प्रेरणादायक कार्य है। डॉ रूचि जैन की उदारता और संवेदनशीलता ने न जरूरतमंद महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त करने में मदद की है। कैंप को सफल बनाने में ग्राम सचिव अनिल संधु, मोनिका कोऑर्डिनेटर जीएनएम,अंजू जीएनएम, तनु, प्रवीण, मनीष, अजय, कुलदीप एम्बुलेंस, मोहित, सौरभ, सूबेदार मलकित सिंह एवं समस्त ग्राम पंचायत सदस्यगण मौजूद रहे।

चुनाव आचार संहिता की दृढ़ता से की जाए पालना

कुरुक्षेत्र। जानकारी देतीं उपायुक्त नेहा सिंह।

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह ने कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता की दृढ़ता से पालना की जाए तथा कहीं पर भी आचार संहिता की उल्लंघना बारे जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना तुरंत रिटर्निंग अधिकारी को दें। उन्होंने कहा कि सभी रिटर्निंग अधिकारी नामांकन प्रक्रिया को लेकर समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाए।

उम्मीदवार 11 फरवरी से 17 फरवरी, 2025 तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। इसके लिए समय सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि 12 फरवरी व 16 फरवरी, 2025 को अवकाश होने के कारण कोई नामांकन दाखिल नहीं किया जाएगा।

दिल्ली में बीजेपी को मिले प्रचंड बहुमत पर दी बधाई

कुरुक्षेत्र। दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल करने पर बीजेपी कार्यकर्ताओं व नेताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी, पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा व दिल्ली की आम जनता को बधाई दी है। दिल्ली में भाजपा को मिली अपार बहुमत पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसे भ्रष्टाचार और शोषण करने वाले आप पार्टी के खिलाफ जनादेश बताया है। थानेसर नगर परिषद के वार्ड 30 के भाजपा कार्यकर्ता टोनी रोहिल्ला ने कहा कि यह जीत पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के विकास कार्यों और उनके द्वारा दिल्ली में स्वच्छ और विकसित सरकार के वायदे की जीत है।

टोनी रोहिल्ला।

सतलुज स्कूल में विदाई समारोह का किया आयोजन

मिस्टर ब्रिलियंट का खिताब साकेत को और मिस ब्रिलियंट का खिताब सुप्रिया को मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को बारहवीं कक्षा के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. आर. एस. घुम्मन द्वारा दीप प्रज्जलवित करके की गई।

इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा की निरंतर प्रयास, कठिन परिश्रम व अनुशासन के माध्यम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्र -छात्राओं को परीक्षा में धैर्य, लगन, व मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया और उनकी वार्षिक परीक्षा के लिए शुभकामना दी।

परीक्षा परिणाम के लिए टिप्स दिए

प्रधानाचार्य ने बच्चों को शानदार परीक्षा परिणाम के लिए महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भावी जीवन के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें समृति चिन्ह प्रदान किए। विद्यार्थियों ने भी अध्यापकों को उपहार व टाइटल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। अध्यापकों द्वारा आयोजित अनेक आकर्षक गेम्स ने भी वास्तव में विदाई पार्टी को बेहद खूबसूरत बनाया ' विद्यार्थियों ने स्कूल के यादगार लम्हों को अपने अध्यापकों के साथ सांझा किया। उन्होंने अपने टीचर्स का उनके जीवन के आरंभिक वर्षों में अहम् योगदान देने के लिए आभार व्यक्त किया व भविष्य में भी ऐसे जीवन के प्रत्येक पड़ाव पर उनके मार्गदर्शन की अपेक्षा की। इस अवसर पर मिस्टर ब्रिलियंट का खिताब साकेत को, मिस ब्रिलियंट का खिताब सुप्रिया को, मिस्टर चार्मिंग का खिताब रिधमदीप को, मिस चार्मिंग का खिताब हिमानी को, मिस्टर इनोसेंट का खिताब वसीम खान को, मिस इनोसेंट का खिताब सलोनी को, मिस्टर इव का खिताब जशनप्रीत सिंह को मिस इव का खिताब पूर्णिमा को व मिस्टर सतलुज का खिताब लविश को, मिस सतलुज का खिताब हर्षप्रीत कौर को दिया गया। विद्यार्थियों को भी टाइटल देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन ज्योति व पूर्णिमा ने किया। इस अवसर पर स्कूल प्रधान संतोष कौर घुम्मन, विपिन बत्तरा, राज रानी बत्तरा, स्कूल कोऑर्डिनेटर्स मनिंदर घुम्मन, मोनिका घुम्मन, एडमिनिस्ट्रेटर मनोज भसीन, वाईस प्रिंसिपल सतबीर सिंह, प्रदीप, सिमरन घुम्मन, राजबीर सिंह, अंकुश गोयल, मोहिंदर कुमार, संजय बठला, साहिल, मनदीप कुमार, ममता जैन, नीलम, अर्शदीप कौर, काजल, रेनू बाला, अंजना, दिनेश कुमारी, मनदीप कौर, अनु अग्रवाल, अरुण रानी, पूजा, चांद, पायल, वृंदा गर्ग,प्रभात आदि स्टॉफ सदस्य मौजूद थे।

डॉ भीमराव अंबेडकर की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र। दीदार नगर में गुरु रविदास जयंती समारोह में सूरजभान कटारिया को सम्मानित करते आयोजक। *फोटो: हरिभूमि*

भारतीय जनता पार्टी के अखिल भारतीय अनुसूचित जाति मामलों के पूर्व उपाध्यक्ष एवं श्रीगुरु रविदास विश्व महापीठ सामाजिक संगठन के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सूरज भान कटारिया ने दीदार नगर में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी की 648 वीं जयंती पर आयोजित समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में भागीदारी की। सूरज भान कटारिया ने कहा कि हमें बाबा साहब के भारतीय संविधान की व्यवस्था प्रणाली से थानेसर पालिका अध्यक्ष के लिए 30 वर्षों बाद अनुसूचित जाति महिला आरक्षित होने का अवसर प्राप्त हुआ है। जिसमें हमें अपनी संख्या शक्ति को पहचानकर सामाजिक - राजनीतिक में सामाजिक एकजुटता का परिचय देना चाहिए। कटारिया ने अंबेडकर जी के संविधान को मानकर और उनकी शिक्षाओं शिक्षित बनो संगठित बनो और संघर्ष करो को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। रविदास जी समाज के प्रचारक संत श्रीप्रीत रविदासिया महाराज ने अपनी मंडली के साथ गुरुवाणी करके सभी को निहाल किया। कटारिया के साथ अन्य अतिथि के रूप में पूर्व रजिस्टर सुरेश चौधरी, डॉ राजेश दहिया, श्रीमती निर्मला चौधरी, डॉ आनंद कुमार,डॉ जे के चंदेल, समाजसेवी दिलेर शर्मा तथा पिपली के सरपंच दीपक मेहरा आदि ने भी संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की शिक्षाओं को जन-जन तक फैलने का आह्वान किया। मौके पर रिटायर्ड वनविभाग डिप्टी रेंजर जगमाल सिंह चंदेल, रिटायर्ड डीएसपी रौनकी राम, धर्मपाल जागलान प्रधान, बलदेव सिंह सचिव, धर्मपाल बामनिया उपप्रधान, राजेश राठी, महिपाल फूले अमीन, राजवीर सिंह, एडवोकेट नरेंद्र, जोगेंद्र देवी, रामशरण तिगरी नंबरदार, दलबीर सिंह, राजेंद्र सिंह, जरनैल सिंह रंगा, विजय खानपुर रोडन आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

छोटी खबरें

अकाउंट्स इलेवन ने 8 विकेट से जीता मैच

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के केयू सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल मैदान में रविवार को खेले गए केयूके गैर-शिक्षक कर्मचारी टी-20 प्रतियोगिता के अनौपचारिक मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए केयूके वॉरियर्स ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 117 रन बनाए जिसमें टीम की ओर से अजय सैनी ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी अकाउंट्स इलेवन ने 11वें ओवर में लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। ओपनर बल्लेबाज विजय जांगड़ा ने धुआंधार शॉट खेलते हुए 31 गेंदों में 10 चौके लगाकर 50 रन की नाबाद पारी खेली तथा मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता। बल्लेबाज सागर ने भी 32 रनों की अहम पारी खेली। विजेता कप्तान अमित भुक्कल ने कहा कि जीत से नव ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को आगामी मैच में अच्छा खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं शनिवार को खेले गए दूसरे मुकाबले में केयूके स्टार इलेवन ने केयूके स्पार्टन द्वारा दिए गए लक्ष्य 152 रन को 5 विकेट खोकर 19वें ओवर में प्राप्त कर लिया। केयूके स्पार्टन की ओर से आदित्य स्वामी ने 57, अंशुल शर्मा ने 41 रन की पारी खेली। वहीं विजेता टीम की ओर से हेमंत सिंगला व अमीर खान ने 25-25 रनों की पारी खेली। कप्तान अरविन्द शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके। इससे पहले सुबह के मैच में एडमिन प्लेयर्स ने केयूके वॉरियर्स को 22 रन से मात दी। एडमिन प्लेयर्स की ओर से रविन्द्र सैनी ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 27 गेंदों में 11 चौके लगाकर 54 रन बनाए। 186 रनों के विशाल लक्ष्य को पूरा करने उतरी केयूके वॉरियर्स 20 ओवर में 164 रन ही बना सकी। मैच में मनीष रेडू ने 59 तथा चिराग ने 37 रन की पारी खेली। इस अवसर पर क्रिकेटर मनीष बालदा सहित सभी खिलाड़ी मौजूद रहे।

- विजय जांगड़ा ने खेली 50 रन की नाबाद पारी, बने मैन ऑफ द मैच

15 व 16 फरवरी को प्रदर्शन करेंगे कर्मचारी

कुरुक्षेत्र। शाहबाद के विधायक रामकरण को मांगों का ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

कुरुक्षेत्र। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर शाहबाद के विधायक रामकरण को मनीष जिन्दल ब्लाक प्रधान सर्व कर्मचारी संघ शाहबाद मा की अगुवाई में ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन का संचालन कृष्ण कुमार ब्लाक सचिव ने किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र व जितेंद्र बंसल रिटायर कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ने बताया कि हरियाणा का अलग से 8वां वेतन आयोग गठित हो, वेतन आयोग की रिपोर्ट लागू होने तक 5000 रुपये प्रति माह अन्तरिम राहत दे सरकार, सभी प्रकार की वेतन विसंगतियां ठीक करे, रेगुलराइजेशन की नीति बना कर कच्चे कर्मचारियों को पक्का करे सरकार, पुरानीं पेंशन योजना लागू करें, ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को वायदे के अनुसार 26000 रुपये वेतन लागू करें मंहगाई पर रोक लगाई जाए, कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों को वायदे के अनुसार जोब सिक्योरटी के तहत सभी हटाए गए कर्मचारियों को वापिस डियूटी पर रखा जाए आदि मांगों को लेकर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा आंदोलनरत है। यदि सरकार बातचीत कर मांगें नहीं मानती तो 15-16 फरवरी 2024 को मुख्यमंत्री के कैम्प कार्यालय कुरुक्षेत्र में महा पड़ाव डाला जाएगा। प्रदर्शन में बिट्टू रंगा, रावल गुप्ता, विशाल सैन, बलविंदर शर्मा, रामकुमार, कर्मचंद, हरिकेश शर्मा, शेर सिंह, सुरेंद्र बत्रा, मुकेश वर्मा, बलबीर सिंह, रामकुमार, राजीव कुमार, मुकेश कुमार, जरनैल सिंह आदि ने भी बात रखी।

कवि गोविंद के जन्मदिन पर स्वैच्छिक रक्तान शिविर

कुरुक्षेत्र। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के स्वतंत्रता सेनानी और कवि गोविंद के जन्मदिन पर 174 बार रक्तदान और 85 बार प्लेटलेट्स दे चुके पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र के रक्त कोष में 534 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में रोटी बैंक के वरिष्ठ उप प्रधान भारतेन्दु हरीश मुख्यातिथि के रूप में पधारे जबकि स्टार रक्तदाता डॉ. अरुण धीमान विशिष्ट अतिथि रहे। स्टार रक्तदाता प्रशांत शर्मा ने शिविर की अध्यक्षता की। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने अतिथियों और रक्तदाताओं का स्वागत किया और कहा कि आज का रक्तदान शिविर स्वतंत्रता आंदोलन के सेनानी एवं कवि गोविंद के जन्मदिन पर समर्पित है। मुख्यातिथि भारतेन्दु हरीश ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान पुण्य का कार्य है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. अरुण धीमान ने कहा कि रक्त का कोइ विकल्प नहीं है। स्टार रक्तदाता प्रशांत शर्मा ने शिविर के सचालन में सहयोग किया। शिविर में स्टार रक्तदाता डॉ. अरुण कुमार ने 28 वीं बार जबकि स्टार रक्तदाता कंवलजीत ने 30 वीं बार रक्तदान किया। रक्त कोष प्रभारी डॉ. रमा की अध्यक्षता में रक्तदान एकत्रित किया गया जिसमें सुमित, करनैल सिंह, गुरजिंद्र कौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में डॉ. अरुण कुमार, राजेश, कंवलजीत, पारस और लेखा सिंह सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया।

मानव के सर्वांगीण विकास का आधार गीता अध्ययन

कुरुक्षेत्र। गीता अध्ययन करने से मनुष्य के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है क्योंकि इसके 700 श्लोक मानव - मात्र के सभी प्रश्नों का उत्तर लिए हुए हैं।ये उद्धार भाजपा नेता और पार्टी के कला व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने पूर्व मंत्री सुभाष सुधा को श्रीमद्भगवद्गीता की प्रति भेंट करने के उपरांत व्यक्त किए। अनिल वर्मा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में बहुत सुंदर,सहज और सरल ढंग से ज्ञान,कर्म और भक्ति योग की शिक्षा अर्जुन को दी थी लेकिन आज भी यह शिक्षा प्रत्येक प्राणी के लिए अंधेरे से उजाले का मार्ग प्रशस्त करती है क्योंकि जीवन में कई बार प्रत्येक प्राणी मन से अर्जुन की भांति परिस्थितियों में उचित निर्णय लेने में स्वयं को असमर्थ अनुभव करता है। अनिल वर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी को गीता अध्ययन को मोबाइल के प्रयोग की तरह दैनिक जीवन का हिस्सा बना लेना चाहिए ताकि उनके प्रत्येक संदेह का समाधान प्रभु श्रीकृष्ण की कृपा से होता रहे। कहा कि छोटी आयु में ही गीता अध्ययन करने वाले बच्चे कभी भी मनोरोग का शिकार नहीं हो सकते अर्थात उनको कभी भी जीवन की प्रतिकूल परिस्थितियां डिप्रेशन में नहीं ले जा सकती और न ही वो कभी आत्महत्या जैसा घिनौना कदम उठा सकते हैं। अतः आज के प्रतियोगितात्म युग में माता- पिता को अपने बच्चों को बचपन में ही गीता अध्ययन के लिए प्रेरित करना चाहिए और स्वयं भी गीता पढ़नी चाहिए।

खबर संक्षेप

अंबाला। गांव बोह में नगर कीर्तन निकालते हुए श्रद्धालुगण।

गांव बोह में निकाला गया नगर कीर्तन

अंबाला। श्री गुरु रविदास जी के 648वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष में रविवार को श्री गुरु रविदास जी बोह अम्बाला की और से नगर कीर्तन निकाला गया तथा नगर कीर्तन में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। श्री गुरु रविदास जी नगर कीर्तन का जगह-2 पर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया व विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने दुध व चाय के लंगर के साथ संगतों का स्वागत किया। इस बार पर भी गुरु रविदास प्रबंधक कमेटी -बोह (अम्बाला) के प्रधान सुनिल कुमार सोदी, सचिव रावत राज कुमार सोढ़ी, पहलाद दाम सोढी, अनीष कुमार, राम, धर्मवीर मिल्खी राम व गाँव मौहल्ले के माहित भूषण मुकेश अलीमात अनेक भक्त जन मौजूद रहे।

रविदास जयंती कार्यक्रम में भंडारी होंगे मुख्य अतिथि

अंबाला। श्री गुरू रविदास के 648वें जयन्ती के उपलक्ष्य में डॉ भीमराव अम्बेडकर जनकल्याण सभा द्वारा गुरू रविदास मन्दिर मोती नगर में एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हरियाणा के राजनीतिक सचिव तरूण भंडारी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। डॉ भीमराव अम्बेडकर जनकल्याण सभा के पदाधिकारी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गुरू रविदास जयन्ती के मौके पर मोती नगर स्थित रविदास मन्दिर के पास से प्रभात फे री निकाली जाएगी और धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हरियाणा के राजनीतिक सचिव तरूण भंडारी दोपहर 12 बजे यहां पहुंचेगें और गुरू रविदास मन्दिर में माथा टेक कर गुरू का आर्शीवाद प्राप्त करेंगे।

प्रकाश पर्व पर लगाया खीर का लंगर

बराड़ा। गांव मिल्क शेखां में श्री गुरु रविदास जी के प्रकाश पर्व पर खीर का लंगर लगाया गया। गांव के युवा समाजसेवी पंकज कुमार ने बताया कि इस अवसर पर मुख्यतिथि के रूप में पहुंचे नंबरदार गुरविन्द्र कलेर ने गुरु रविदास जी के समक्ष माथा टेका और लंगर का शुभारंभ कराया। इस अवसर गुरविन्द्र कलेर ने कहा कि गुरु रविदास जी महाराज का प्रकाश पर्व पूरी दुनिया में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। उनके गांव की संगत ने सडक़ किनारे खीर का लंगर लगाकर पुण्य का काम किया है। इस अवसर सेवादारों ने आने-जाने वाले राहगीरों को रोक कर उन्हें खीर का लंगर वितरित किया। पंकज कुमार ने बताया कि वह अपने गांव की संगत के सहयोग से हर मौके पर सडक़ किनारे लंगर लगाते हैं। इस अवसर पर देशराज, राजकुमार, श्रीराम, सिंगराम, राहुल, सुरेन्द्र, सन्नी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को

अंबाला। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रवीन ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय अम्बाला व सब डिवीजन नारायणगढ की अदालतों में 8 मार्च 2025 को किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्थाई लोक अदालत व उपभोक्ता अदालत में नेशनल लोक अदालत 7 मार्च 2025 को किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाईन नम्बर 0171-2532142 व 9991112660 पर सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने अपील की कि वे अदालत में लम्बित मुकदमें व प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमें इस लोक अदालत में रख कर उनका निपटारा करवा सकते हैं जिससे आपसी समझौते से मुकदमें का निपटारा होने पर भाईचारे की भावना बढती है और लोक अदालत में समझौता हुए मुकदमों की अपील भी नहीं होती जिससे समय व धन की बचत होती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

घर में शौचालय न हो तो नहीं मिलेगा चुनाव लड़ने का मौका

प्रॉपर्टी टैक्स डिफॉल्टर भी लड़ सकता है निकाय का चुनाव

- निकाय उम्मीदवारों के लिए तय की गई चुनाव लड़ने की योग्यताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला नगर निगम का बाहरी दृश्य।

प्रॉपर्टी टैक्स का डिफॉल्टर भी निकाय चुनाव लड़ सकता है। म्यूनिसिपल एक्ट में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि डिफॉल्टर को चुनाव लड़ने से कोई रोक सके। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट एडवोकेट हेमंत कुमार ने बताया कि हरियाणा म्युनिसिपल कानून, 1973, जो प्रदेश की सभी नगरपालिका परिषदों (म्युनिसिपल कौंसिल) और नगरपालिका समितियों (म्युनिसिपल कमेटी) पर लागू होता है कि धारा 13 ए में उक्त नगर निकायों के अध्यक्ष और वार्ड सदस्यों का चुनाव लड़ने बारे विभिन्न अयोग्यताओं संबंधी उल्लेख किए गए हैं। इनके अनुसार 21 वर्ष से कम आयु वाला व्यक्ति निकाय चुनाव नहीं लड़ सकता है। इसके अतिरिक्त अगर किसी व्यक्ति को अदालत द्वारा किसी क्रिमिनल (फौजदारी) केस में दस वर्ष की जेल की सजा हो चुकी हो अथवा उसके विरूद्ध ऐसे किसी आपराधिक मामले में चार्जेज फ्रेम (आरोप तय) किए गए हैं जिसमें उसे दोषी साबित होने पर कम से कम दस वर्ष का कारवास हो सकता है, वह भी निकाय अध्यक्ष या वार्ड सदस्य का चुनाव नहीं लड़ सकता है। अगर किसी व्यक्ति कि प्राथमिक कृषि कॉओप्रेटिव सोसाइटी, जिला केंद्रीय कोऑपरेटिव बैंक या जिला प्राथमिक सहकारी कृषि ग्रामीण विकास बैंक के प्रति किसी प्रकार के भुगतान की देनदारी है तो वह भी नगर निकाय अध्यक्ष और वार्ड सदस्य का चुनाव नहीं लड़ सकता है। इसी प्रकार बिजली बिलो का भुगतान न करने वाला व्यक्ति भी उक्त चुनाव नहीं लड़ सकेगा। इसके अतिरिक्त अगर भावी उम्मीदवार यह स्वतः घोषणा करने में असफल रहता है कि उसके घर/निवास स्थान पर कार्यशील टॉयलेट (शौचालय) है तब भी उसे उक्त चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य होगा। यहां सबसे रोचक पहलू यह है कि हरियाणा म्युनिसिपल कानून, 1973 की उपरोक्त धारा 13 ए में ऐसा उल्लेख नहीं किया गया है कि नगर निकाय अध्यक्ष और वार्ड सदस्य का चुनाव लड़ने वाले भावी उम्मीदवार के लिए नगर निकाय द्वारा प्रतिवर्ष अपने क्षेत्राधिकार में स्थित मकानों, दुकानों, प्लाटों आदि पर लगाए जाने वाले प्रॉपर्टी टैक्स (संपत्ति कर) का देनदारी/बकाया नहीं होना चाहिए। इसका अर्थ यही निकलता है कि अगर किसी व्यक्ति का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है या दूसरे शब्दों में वह प्रॉपर्टी टैक्स डिफाल्टर है तो वह भी नगर निकाय चुनाव लड़ सकता है। हालांकि सभी उम्मीदवार प्रॉपर्टी टैक्स एनडीसी प्राप्त कर उसे अपने नामांकन पत्रों के साथ संलग्न करते हैं।

दसवीं पास होना आवश्यक

नगर निकाय अध्यक्ष और वार्ड सदस्यों का निर्वाचन लड़ने वालों के लिए न्यूनतम मेट्रिक (दसवीं) पास होना आवश्यक है। अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के पुरुष और हर वर्ग की महिला के लिए हालांकि कम से कम आठवीं पास होना आवश्यक है। वहीं वार्डों से चुनाव लड़ने वाली अनुसूचित जाति वर्ग की महिला उम्मीदवार के लिए पांचवी पास होना ही पर्याप्त है। पिछड़ी जाति (बीसी) के पुरुष/ महिला के उम्मीदवार के लिए कोई रियायत नहीं है। उन पर सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के तौर पर ही योग्यता का पैमाना लागू होंगे।

साहा रुट पर इलेक्ट्रिक बस का संचालन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शहर से साहा इंडस्ट्रियल एरिया के रूट पर रविवार को इलेक्ट्रिक बस का संचालन शुरू हो गया। इस रूट पर यह बस दिनभर में पांच फेरे लगाएगी। मौजूदा समय में अंबाला में इलेक्ट्रिक बसें चार रूट पर संचालित हो रही थीं।इसमें अंबाला शहर से नन्हेडा, बोह बब्याल, पंजोखरा कलरहेड़ी समेत मोहड़ा रूट शामिल था। अब इसमें साहा इंडस्ट्रियल एरिया का पांचवां रूट भी शामिल हो गया है। अब रोडवेज इन सभी पांचों रूटों पर एक एक इलेक्ट्रिक बस का संचालन करेगी। इस तरह से अंबाला में आई पांच इलेक्ट्रिक बसों के पांच रूट फाइनल हो चुके हैं।

- दिनभर में लगाएगी पांच फेरे

पहले इन रूटों पर हो रहा था संचालन

पहले रोडवेज विभाग के अधिकारी पांच इलेक्ट्रिक बसों को अंबाला सिटी से नन्हेड़ा वाया सुभाष पार्क पर एक बस, अंबाला सिटी से बोह-बब्याल वाया सुभाष पार्क रूट पर दो बस, अंबाला सिटी से पंजोखरा वाया कलरहेड़ी, तोपखाना रूट एक बस, अंबाला सिटी से मोहड़ा वाया शास्त्री कालोनी कुलदीप नगर, शाहपुर रूट पर एक बस और अंबाला सिटी से अंबाला छावनी रूट पर एक बस चला रहे थे। यातायात प्रबंधक विपुल नांदल ने बताया कि अंबाला सिटी से साहा औद्योगिक क्षेत्र रूट पर इलेक्ट्रिक बस का संचालन शुरू कर दिया है। अब नन्हेडा, बोह-बब्याल, पंजोखरा- कलरहेड़ी, मोहड़ा शास्त्री कॉलोनी और साहा रूट पर एक-एक बस को लगाया है।

ये रहेंगे रूट

पहला रूट : अंबाला सिटी से नन्हेड़ा वाया सुभाष पार्क एक बस, पांच फेरे
दूसरा रूट : अंबाला सिटी से बोह-बब्याल वाया सुभाष पार्क रूट पर एक बस, चार फेरे
तीसरा रूट : अंबाला सिटी से पंजोखरा वाया कलरहेडी, तोपखाना रूट एक बस, चार फेरे
चौथा रूट : अंबाला सिटी से मोहड़ा वाया शास्त्री कॉलोनी कुलदीप नगर, शाहपुर रूट पर एक बस, पांच फेरे
पांचवा रूट: अंबाला सिटी से साहा औद्योगिक क्षेत्र रूट पर एक बस, पांच फेरे

चेयरपर्सन पद रिजर्व होना सारे समाज के लिए ऐतिहसिक मौका : सरवारा

- उम्मीदवारी से जीत तक एकता की एक मिसाल कायम करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला। मीटिंग के दौरान मौजूद वर्कर व अन्य।

अम्बाला छावनी में आगामी चुनाव हेतु सर्व-एससी समाज की एक खास बैठक चित्रा सरवारा की अध्यक्षता में उनके निवास स्थान पर संम्पन्न हुई जिसमें एससी समाज के वरिष्ठ नेताओं व साथियों ने आगामी चुनाव हेतु अपने अपने विचार रखे। एससी समाज के अनेकों साथियों ने अपने विचार रखते हुए कहा की बहुत सौभाग्य की बात है की अम्बाला छावनी की इस बार नगर परिषद अम्बाला छावनी की सीट एससी समाज के खाते में आई है। इस बार टीम के सभी साथी एकत्रित होकर हर सीट पर अपने समाज की जो भी बेटी, बहु व साथी होंगे उनको भारी संख्या में एकजुट होकर जीत दिलवाने कराने का काम करेंगे। इस पर समाज के गणमान्य लोगों ने कहा कि इस बार एक होकर 36 बिरादरी को साथ लेकर इस सीट पर व 32 वार्डो में चित्रा सरवारा की अध्यक्षता में जीत का प्रचरम लहराएंगे।

इस बैठक में विचार रखते हुए छावनी से आजाद प्रत्याशी रही चित्रा सरवारा ने कहा कि बहुत ही खुशी और सौभाग्य की बात है कि आज टीम का सारा एससी समाज एक मंच पर एकत्रित हुआ। चित्रा ने इस बैठक में कहा की सारे समाज के साथी एकत्रित होकर चेयरपर्सन और सदस्य पद के लिए छावनी में उम्मीदवार तय करें और सभी मिल कर जीत की तरफ काम करें इससे खूबसूरत बात नहीं हो सकती। चित्रा ने कहा की मुकाबला आज भी भाजपा और हमारी टीम में ही होगा। समाज की इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की जो भी एक व्यक्ति समाज के निर्णय से खड़ा किया जाएगा, उसको मिलकर सभी ने जिताकर सदस्य और चेयरपर्सन बनाना है और 32 के 32 वार्डो में जीत निश्चित करनी है।

मेधावी छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन शुरू

अंबाला। जिला कल्याण अधिकारी अनु बंसल ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा संचालित डा. बी.आर. अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पात्र विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे 28 फरवरी 2025 तक इस योजना के लिए आवेदन अवश्य कर लें। यह योजना अनुसूचित जाति, टपरीवास एवं घुमंतू जातियों के 10वीं, 12वीं और स्नातक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए तथा पिछड़े वर्ग एवं सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए केवल 10वीं कक्षा के लिए उपलब्ध है। इस योजना के लिए पात्रता मानदंड 10वीं कक्षा के लिए अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग-ए के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को न्यूनतम 60 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों को 70 प्रतिशत अंक होने चाहिए और पिछड़ा वर्ग-बी और सामान्य वर्ग के ग्रामीण विद्यार्थियों को न्यूनतम 75 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों को 80 प्रतिशत अंक होने चाहिए।

जूनियर्स ने सीनियर्स को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज बराड़ा

बराड़ा। विदाई समारोह के कार्यक्रम में शिरकत करते हुए स्कूल स्टाफ।

बराड़ा स्थित एंजल्स पब्लिक स्कूल में 12वीं के बच्चों को विदाई पार्टी दी गई। जिसमें 11वीं के बच्चों ने 9वीं एवं 19वीं के बच्चों के सहयोग से रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया। स्ट्रॉ की मदद से चने के दाने को एक प्लेट से उठाकर दूसरी में डालने, म्यूजिकल चेयर गेम, बूझो तो जाने के अंतर्गत टीचर्स की पहचान करना आदि कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण थे। जितने वाले बच्चे को गुड शॉट में कोल्ड ड्रिंक पीने को दी गई। तथा हारने वाले को नीम, करेले के जूस में गार्लिक पेस्ट मिलाकर पीने को दिया गया।

- एंजल्स स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

12वीं के बच्चों ने हर एक्टिविटी में बढ़चढ़ कर भाग लिया और आनंद लिया। 12वीं के हर बच्चे की आदतों पर आधारित सटीक टाइटल भी दिए गए। जिसने माहौल में हंसी और मस्ती भर दी। गानों पर थिरकते बच्चे एक अलग ही मस्ती की अनुभूति करा रहे थे। मंच संचालन में अध्यापिकाओं सरिता एवं जसप्रीत के मार्गदर्शन में 11वीं की लक्ष्मी तथा दीपाक्षी ने अपनी वाक कला का परिचय दिया। 9वीं के लडक़ों का भांगड़ा, 10वीं की लड़कियों का हरियाणवी नृत्य तथा 11वीं की लड़कियों के डांस ने सबका मन जीत लिया। बिदाई पार्टी में विभिन्न गतिविधियों तथा पूरे वर्ष की परफॉर्मेंस पर आधारित मिस्टर एंजल तथा मिस एंजल चुने गए जिसमें तरुण एवं युविका ने बाजी मारी। इसी दौरान 9वीं, 10वीं एवं 11वीं में से स्टूडेंट ऑफ द ईयर चुने गए। 9वीं में हरमन,10 वीं में यशिका तथा 11वीं में लक्ष्मी को स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवॉर्ड से प्रिंसिपल वीं मेहता द्वारा सम्मानित किया गया। डायरेक्टर कोमल शर्मा ने 12वीं के बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए 9वीं से 11वीं के बच्चों, टीचिंग स्टाफ पूनम, सारिका, ममता, कविता, छीमा, प्रीति, बलविंदर, मीनाक्षी, सोनम, अरुण, हेमलता, राजबीर, अरुण, सूरज, अनिल तथा पार्थ के अतुलनीय सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

एक ही रात में चार दुकानों के ताले तोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रौलों गांव में चार चोरों ने एक ही रात में चार दुकानों के ताले तोड़ दिए। सुनार की दुकान से हजारों रुपये के चांदी के आभूषण सहित करियाना दुकान से कोल्ड ड्रिंक की पेटी ले गए। हालांकि एक अन्य करियाना और कपड़े की दुकान के ताले तोड़े थे लेकिन उसमें से कुछ चोरी नहीं हुआ।

यह पूरी वारदात एक दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। महेश नगर थाना पुलिस ने सर्राफा कारोबारी बब्याल निवासी शुभम की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित दुकानदार बब्याल के सैनी मोहल्ला निवासी शुभम ने बताया कि उसने करीब छह माह पहले ही सुनार की दुकान खोली थी। रोजाना की तरह वह छह फरवरी की रात को ताले लगाकर गया था।

सूचना मिली कि दुकान का शटर टूटा है। आकर देखा तो दुकान में करीब 70 हजार रुपये चांदी से बने आभूषण सहित तीन हजार रुपये की नकदी की अलमारी नहीं थी।

दुकान के बाद खेतों में देखा तो टूटी हुई अलमारी थी और जेवर व नकदी गायब थी। इसी तरह चोर साथ वाली करियाने की दुकान का शटर तोड़कर खाने पीने का सामान चोरी हो गया। इसके अलावा करियाना और कपड़े की दुकान के भी ताले तोड़े थे। हालांकि कपड़े व करियाना की दुकान में कोई नुकसान नहीं हुआ।

परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आज

- सभी सरकारी व निजी स्कूलों में दिखाया जाएगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय। फोटो हरिभूमि

प्रधानमंत्री का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम सोमवार को जिले के सभी सरकारी व निजी स्कूलों में दिखाया जाना है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी किया है। सभी स्कूलों में यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे दिखाना अनिवार्य है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ सभी शिक्षक भी शामिल होंगे। इसके लिए अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया है। निदेशालय ने सभी स्कूलों में सीधा प्रसारण दिखाने के लिए किए जाने वाले प्रबंध करने के जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश दिए हैं। वहीं कार्यक्रम दिखाने के लिए स्क्रीनए एजुसेट व इंटरनेट इत्यादि सभी प्रबंध दुरुस्त करने के आदेश दिए गए हैं। यह कार्यक्रम छठी से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जाएगा। जिलेभर में 724 राजकीय व 387 प्राइवेट स्कूल हैं। जिसमें लगभग अढाई लाख विद्यार्थी हैं। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी स्कूलों में दिखाया जाएगा। स्कूल को 30 हजार रुपये तक खर्च करने की अनुमति दी है।

आज परीक्षा पर प्रधानमंत्री विद्यार्थियों को देंगे टिप्स

जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा देवी ने बताया कि स्कूलों में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाना है। इसके लिए सभी स्कूलों में व्यवस्था की गई है। इसके लिए सभी अधिकारियों व स्कूल मुखियाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बिना नंबर के वाहनों पर नकेल कसेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

बराड़ा के नवनियुक्त थाना प्रभारी प्रमोद सिंह की अध्यक्षता में पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान कहा कि क्षेत्र में आमजन के सहयोग से कानून व्यवस्था मजबूत की जाएगी और अपराधियों पर शिकंजा कसा जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जो चोरी की घटनाएं हुई हैं। उन्हें सुलझाने के लिए गई टीमें लगी हुई हैं। जल्द ही सभी घटनाओं का पर्दाफाश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इलाके में कोई अप्रिय घटना ना हो इसके लिए पेट्रोलिंग करेंगे और गश्त बढ़ाई जाएगी। जो आवारा किस्म के लोग हैं, जिनके पास बिना नंबर के वाहन हैं उनपर नकेल कसी जाएगी। ऐसे वाहनों के चालान किए जाएंगे। नशे के खिलाफ मुहिम चलाई जाएगी। नशा करने वाले युवाओं को समझाया जाएगा, इसके लिए स्कूलों आदि में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जो नशा बेच रहा है, उसके बारे में आमजन जानकारी दे। जानकारी देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस को कोई भी समस्या सुलझाने के लिए आमजन का सहयोग बेहद जरूरी है। इसलिए बराड़ा की जनता उनका सहयोग कर, यदि जनता को कोई समस्या है तो वह उन्हें बताएं। बराड़ा पुलिस जनता की सेवा में हमेशा तत्पर है।

कार्यक्रम सेक्टरवासियों की गर्मियों में पेयजल समस्या होगी दूर

मेन वाटर वर्क्स में लगेगा ट्यूबवेल, खर्च होंगे साढ़े 23 लाख

- सेक्टर 11 में भी सीवरेज व्यवस्था को भी दुरुस्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। एचएसवीपी कार्यालय। फोटो हरिभूमि

शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने गर्मियों के मौसम को देखते हुए सेक्टरवासियों के पेयजल किल्लत के समाधान को लेकर कार्यालय मेन वाटर वर्कस में एक ट्यूबवेल लवाएगा। इस पर 23 लाख 33 हजार 251 रुपये की राशि खर्च होगी।

वहीं सेक्टर 11 में 11 लाख 83 हजार 914 रुपये की राशि से बकेट टाइप मशीन द्वारा सीवरेज लाइन की सफाई व मरम्मत को लेकर काम किया जाएगा। इसके लिए एचएसवीपी ने टेंडर लगाया है। फरवरी माह के तीसरे माह में इसकी ऑनलाइन बिड खुलेगी। टेंडर अलॉट होने के बाद तीन माह में ट्यूबवेल संबंधित एजेंसी लगाएगी। गौरतलब है कि सेक्टर छह, सात, आठ व नौ शहर के पॉश क्षेत्र में आते हैं। यहां सिविल लाइन थाना, पॉलीक्लीनिक सहित चार से पांच निजी अस्पताल भी हैं। चारों सेक्टरों में 2500 मकान हैं।

इसमें लगभग दस हजार की आबादी है। सेक्टर छह, सात, आठ व नौ में नहरी पेयजल की सप्लाई होती है। गर्मियों में कई बार नहर नही आती तो सेक्टरवासियों को नहरी पेयजल सप्लाई मुहैया करवाने में एचएसवीपी को परेशानी होती है। वहीं सेक्टरवासियों की मांग है कि सेक्टरों में खस्ता सड़कहालत का भी सुधार किया जाए। सेक्टरों में सडक़े टूटी पड़ी हैं। जिस कारण लोगों को आवागमन में परेशानी होती है।

सेक्टरों की सड़कें निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज, नरवाना-रोहतक हाईवे व सफीदों रोड को जोड़ती हैं। ऐसे में यहां वाहनों का आवागमन ज्यादा है। सडक़ों पर गहरे गड्ढें हैं, जिससे गिरकर वाहन चालक चोटिल हो जाते हैं। वहीं सेक्टरों के खाली पड़े प्लॉट में सीवरेज का गंदा पानी जमा रहता है।

लगवाया जाएगा ट्यूबवेल

एचएसवीपी जेई अनुज ढांडा ने बताया कि एचएसवीपी का प्रयास है कि लोगों की समस्या का समाधान किया जाए। एचएसवीपी द्वारा सेक्टरों में सुधार कार्य को लेकर टेंडर लगाए गए हैं। टेंडर अलॉट होने के बाद संबंधित एजेंसी कार्य करेगी। सेक्टर वासियों को गर्मियों के मौसम में पेयजल की दिक्कत नही हो, इसके लिए एचएसवीपी द्वारा मेन वाटर वर्कस में ट्यूबवेल लगाया जाएगा। इसके अलावा सेक्टर 11 में भी सीवरेज व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जाएगा।

दूषित पानी से बीमारी फैलने का डर : बांगड़

सेक्टर आठ के प्रधान सतबीर बांगड़ ने बताया कि सेक्टरों के प्लाट में सीवरेज का गंदा पानी जमा होने पर हर समय बदबू आती रहती है। इससे लोगों के बीमार होने का डर बना रहता है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा सडक़े टूटी हुई हैं। सेक्टरों में मूलभूत सुविधाओं की कमी है। ऐसे में सेक्टरवासियों की समस्या का स्थाई समाधान किया जाना चाहिए।